एक नजर में

स्कूल के हेंडपम्प से केबल एवं रस्सी चोरी

मुलताई। थाना क्षेत्र के ग्राम गेहूं बारसा हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्थित ट्यूबवेल से अज्ञात चोरों द्वारा केबल एवं रस्सी चोरी कर विद्यालय में तोड़ फोड़ की। प्राचार्य घनश्याम आज़ाद ने बताया स्कूल में शुक्रवार की रात ट्यूबवेल की केबल एवं रस्से चोरी हो गए हैं वहीं स्कूल की खिड़कियों को भी नुकसान पहुंचाया। इसके पूर्व भी अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल में तोड़ फोड़ की थी। घटना की रिपोर्ट प्राचार्य घनश्याम आज़ाद ने घटना की रिपोर्ट मासोद चौकी में की है वहीं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को भी घटना से अवगत कराया है।

19 जुलाई को रवाना होगी विशेष ट्रेन

बैतूल। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा का आयोजन 19 जुलाई से 22 जुलाई तक किया जा रहा है। इस यात्रा के लिए बैतूल जिले से कुल 260 यात्रियों का चयन किया गया है। यात्रा का शुभारंभ बैतूल जिले से होने के कारण यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 1 चिकित्सक, 5 आरक्षक एवं 5 अनुरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की विशेष ट्रेन 19 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे बैतूल रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इस यात्रा में बैतूल जिले के अलावा नर्मदापुरम एवं सागर जिले के यात्री भी सहभागी होंगे।

प्रतिभा सम्मान एवं कॅरियर गाइडेंस आज

बैतूल। जिला क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन के तत्वावधान में जिला स्तरीय 20 वा प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभा सम्मान समारोह समिति के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकरे, संयोजक रविशंकर पारखे, पीआर धोटे, नामदेव बारस्कर व सुरेश गायकवाड ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह आज 19 जुलाई रविवार को सुबह शिवाजी सांस्कृतिक भवन बैतूल में 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें समाज के कक्षा 10वीं व 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले व विशेष प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा।

नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। बोरदेही पुलिस ने नाबालिक से छेड़छाड़ के एक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। नाबालिक पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बोरदेही में आरोपी कैलाश अहाके पिता दामजी अहाके उम्र 34 साल निवासी ग्राम नि. चिखलार थाना बोरदेही के विरुद्ध धारा 74,75(2) बीएनएस,7/8 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी फरार होने की फिराक में है। इस पर बोरदेही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम चिखलार से आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। इसके पश्चात विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बोरदेही निरीक्षक राधेश्याम वट्टी, उप निरीक्षक पंचम सिंह उइके, उप निरीक्षक मोनिका पटले, महिला आरक्षक आरती पवार, आरक्षक भगवान जावरे एवं महिला सैनिक भारती सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

2579 किसानों ने कराया पंजीयन, 298 ने कराये स्लॉट बुक

नवभारत न्यूज

बैतूल, 18 जुलाई. ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की सरकारी खरीदी 1 जुलाई से शुरू हो चुकी है। मूंग बेचने के लिए 2569 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है, जबकि 298 किसानों ने स्लॉट बुक किये है। इन किसानों में से 110 किसानों ने 516 क्विंटल मूंग समर्थन मूल्य पर बेची है।

110 किसानों से खरीदी 516 क्विंटल मूंग

पिछले साल 5153 किसानों ने कराया था पंजीयन

जिले में इस बार मूंग बेचने के लिए 2579 किसानों 4355 हेक्टेयर के लिए पंजीयन कराया है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में करीब 15,435 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग की बोवनी हुई है, जिससे लगभग 9,261 मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। वहीं उड़द की फसल 214 हेक्टेयर में बोई गई है और करीब 128 मीट्रिक टन उत्पादन होने की संभावना है। लेकिन लंबे समय तक समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू नहीं होने से किसान उपज को मंडी में बेच रहे थे, जहां किसानों को पांच से छह हजार रूपये प्रति क्विंटल मूंग बेचना पड़ रहा था। लेकिन अब सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में मूंग-उड़द खरीदी शुरू किये जाने से किसानों में खुशी है, क्योंकि समर्थन मूल्य में सरकार ने मूंग के दाम 8768 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। ऐसे में किसान समर्थन मूल्य में मूंग बेचते है तो उन्हें प्रति क्विंटल 1500 से 2 हजार रूपये प्रति क्विंटल का मुनाफा होगा। यहीं वजह है कि इस बार किसानों ने मूंग बेचने के लिए बड़े पैमाने पर पंजीयन कराया है।

पिछले साल 5153 किसानों ने कराया था पंजीयन .....

पिछले साल जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की गई थी। इस दौरान मूंग बेचने के लिए 5153 किसानों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 4394 किसानों ने 12887 एमटी (मैट्रिक टन) मूंग बेची थी। हालांकि इस बार कम किसानों ने पंजीयन कराया है। इस साल मूंग के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या मात्र 2579 है। प्रशासन का कहना है कि केवल उन्हीं किसानों की उपज खरीदी जाएगी, जिनका सत्यापन पोर्टल पर पूर्ण हो चुका होगा। हालांकि इस बार किसानों की सुविधा के लिए प्रशासन ने रानीपुर स्थित गायत्री वेयरहाउस को नया खरीदी केंद्र बनाया है। इधर कृषि विभाग के अधिकारी भी लगातार खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि किसानों को उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

किसानों की मांग, खरीदी की सीमा बढ़ाएं : किसानों का कहना है कि इस बार उत्पादन अच्छा है, इसलिए खरीदी की सीमा बढ़ाकर अधिक मात्रा में उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जानी चाहिए।

10 अगस्त तक चलेगी खरीदी

1 जुलाई से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी 10 अगस्त तक चलेगी। हालांकि किसानों ने मूंग की उपज बेचने के लिए पंजीयन करवा लिया है। किसान स्लॉट भी बुक करा रहे है। जिन किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं, आने वाले दिनों में उपज लेकर केंद्रों पर पहुंचने की उम्मीद है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि मानसून के दौरान नमी होने पर रिजेक्शन के खतरे से बचने किसान अपनी उपज को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके ही केंद्र पर ले जाएं। खरीदी केंद्र पर जाते समय अपना पंजीयन नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल (ओटीपी के लिए) साथ रखना न भूलें। किसान स्लॉट बुक कराने के बाद ही मूंग लेकर केन्द्र पहुंचे, ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

अभी तक 110 किसानों से 516 क्विंटल मूंग की खरीदी की गई है। समर्थन मूल्य पर खरीदी 10 अगस्त तक चलेगी। अभी खरीफ सीजन की बोवनी का कार्य चल रहा है, इसलिए किसान खरीदी केंद्रों तक नहीं पहुंच रहे हैं। बुआई कार्य के बाद उम्मीद है कि किसान उपज लेकर केन्द्र पहुंचने लगेगे।
- रामगोपाल रजक, उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

जिले में मूंग खरीद के लिए बनाये 13 केन्द्र

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए 13 केन्द्र बनाये है। इन केन्द्रों में गायत्री वेयर हाउस रानीपुर, मधुरीना वेयर हाउस जीन, शिव सरोजनी वेयर हाउस बैतूल, श्रीराम वेयर हाउस सोहागपुर, वैगवन चंडी वेयर हाउस जीन, विनायकम वेयर हाउस आठवां मिल, बालाजी वेयर हाउस सूखाढाना, तिरूपति वेयर हाउस जुवाड़ी, गुप्ता लाजिस्टी वेयर हाउस सिलपाटी शाहपुर, सुरभि वेयर हाउस शाहपुर, जगदंबे वेयर हाउस आठनेर, रामा वेयर हाउस हिडली और किलेदार वेयर हाउस भैंसदेही को खरीदी केन्द्र बनाया है। इस साल किसानों की सुविधा के लिए प्रशासन ने रानीपुर स्थित गायत्री वेयरहाउस को नया खरीदी केंद्र बनाया है।

समरसता यज्ञ में जलचरों के लिए अर्पित की आहार सामग्री

मुलताई। सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा मनाए जा रहे मां ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह के पांचवे दिन शनिवार को मां ताप्ती उदगम सरोवर में सामाजिक सदभावन यज्ञ का अनुष्ठान संपन्न हुआ। जिसमें सकल हिंदू समाज ने जलीय जंतुओं के आहार की सामग्री ताप्ती सरोवर में मंत्रोच्चार के साथ अर्पित की तथा सभी ने ताप्ती तट पर आपसी सदभाव के साथ तीर्थ क्षेत्र की सेवा का संकल्प लिया।ताप्ती तट पर पूजन के उपरांत श्री राम मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव एवं संजीव शर्मा बैतूल, जगदीश मंदिर

के मुख्य पुजारी एवं भगवताचार्य संतोष शर्मा महाराज ने मां ताप्ती के छाया चित्र का पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता शिशुपाल यादव ने सामाजिक सदभाव पर अपने विचार रखते हुए कहा हम सभी इस प्रकृति के अंगभूत घटक है जिस तरह प्रकृति के सभी तत्व परस्पर एक दूसरे से जुड़े हैं एक दूसरे पर निर्भर हैं उसी तरह यह सनातन सभी को आपस में जोड़कर रखने का कार्य करता है हमें आपसी सदभाव को बढ़ाते हुए दूरियों को मिटाते हुए अपने जीवन में सामाजिक समरसता के साथ जीने की आवश्यकता है जो की भाषण का विषय ना होकर आचरण का कर्तव्य है। कार्यक्रम में सभी ने आपसी सदभाव बनाए रखने संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाए एवं न्यास के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत न्यास के उमेश,नीरज ठाकरे, राजेंद्र सिंह ठाकुर ने किया मंच संचालन रीतेश विश्वकर्मा तथा आभार न्यास के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने किया। रविवार को शाम 5 बजे से ताप्ती तट पर मां ताप्ती बनो प्रतियोगिता और शाम 7 बजे भव्य महाआरती का आयोजन होगा। न्यास ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध किया।

संस्कार केंद्रों में बच्चों को मिली शिक्षण सामग्री

पाथाखेड़ा। सेवा, सद्भाव और संस्कार की भावना को साकार करते हुए सेवा भारती संस्था द्वारा सारनी नगर के सुनील गावस्कर वार्ड में संध्या झरबड़े तथा मछली काटा वार्ड में कनिका हालदार के संचालन में संस्कार केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। पिछले छह माह से चल रहे इन केंद्रों में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा के साथ खेल, कहानी, दोहे और गीतों के माध्यम से नैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। समिति द्वारा केंद्रों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षण सामग्री वितरित

की गई। संस्कार केंद्र समिति के पालक विनोद झरबड़े ने बताया कि मजदूर एवं जरूरतमंद परिवारों के ऐसे बच्चों को केंद्र से जोड़ा जाता है, जिन्हें शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते, ताकि उनका भविष्य बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य चंद्रशेखर टैगोर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक जगदीश आहूजा, भोजराज परमार एवं कुण्डलिक बारस्कर ने केंद्रों का अवलोकन कर बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की।

फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

बैतूल। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 18 जुलाई को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप संचालक कृषि राम गोपाल रजक ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषकों को जागरूक करना एवं कृषकों को प्राकृतिक कारणों से होने वाले जोखिमों की जानकारी के बारे में बताना एवं व्यक्तिगत क्षति की भरपाई के लिए किस-किस तरीके से सूचनाओं को कैसे दर्ज करते हैं एवं सर्वे कैसे किया जाता है, इसकी जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बैतूल जिले में खरीफ मौसम 2026 कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल बीमा करवा कर जोखिमों एवं फसल बीमा के हित लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित फसलों के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि सोयाबीन के लिए 850 रुपए, मक्का 722 रुपए, धान सिंचित के लिए 838 रुपए, धान असिंचित 660 रुपए तथा अरहर के लिए 740 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई हैं। फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है।

ट्रेन से गिर रहे यात्री की आरपीएफ ने बचाई जान

बैतूल। बैतूल रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बड़ा हादसा होने से टल गया। प्लेटफॉर्म नंबर-2 से रवाना हो रही यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहा एक युवक अचानक फिसल गया और ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच गिरने लगा। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया और उसकी जान बचा ली। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 12.57 बजे ट्रेन नंबर 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस बैतूल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 से रवाना हो रही थी। इस दौरान कुछ यात्री जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच एक युवक का पैर अचानक फिसल गया और वह संतुलन खोकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिरने लगा।

प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के प्रधान आरक्षक कुलवंत की नजर जैसे ही युवक पर पड़ी, उन्होंने बिना समय गंवाए तुरंत दौड़ लगा दी। जवान ने अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए युवक को मजबूती से पकड़ लिया और पूरी ताकत लगाकर उसे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच जाने से बचा लिया। आरपीएफ जवान की इस त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया और युवक की जान बच गई। मौके पर मौजूद यात्रियों ने भी जवान की सतर्कता की सराहना की। घटना के तुरंत बाद ट्रेन के गार्ड उमेश कुमार ने प्रेशर ड्रॉप कर ट्रेन को रुकवा दिया। इसके बाद आरपीएफ जवानों ने युवक से पूछताछ की और उसकी स्थिति की जानकारी ली। युवक ने बताया कि उसे केवल मामूली खरोंच आई हैं। आरपीएफ ने युवक को मेडिकल जांच कराने की सलाह दी, लेकिन उसने उपचार कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसकी सुरक्षा को देखते हुए आगे की प्रक्रिया पूरी की गई।

पाथाखेड़ा में घंटों गुल रही बिजली, लोग हो रहे परेशान

पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा क्षेत्र में फिर शुक्रवार रात करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि 33 केवी विद्युत लाइन के आसपास पेड़ों की टहनियां हटाने का कार्य अब तक पूरा नहीं किया गया है, न ही कार्यवाही के दौरान जांच हो पाई है। जिससे हवा या हल्की बारिश के दौरान बार-बार फॉल्ट हो जाता है और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजली विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य में गंभीर लापरवाही के कारण व्यवस्था कमजोर बनी हुई है। आरोप है कि इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन और कलेक्टर को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक प्रभावी जांच और सुधारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। लगातार बिजली कटौती से मजदूरी कर लौटने वाले श्रमिकों सहित आम नागरिकों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है तथा रात की नींद भी खराब हो रही है। लोगों ने विद्युत विभाग से शीघ्र स्थायी समाधान और जिम्मेदार नपा परिषद सारनी व बिजली विभाग अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

सराफा व्यापारियों ने सीसीटीवी के लिए भेंट की राशि

बैतूल। नागरिकों एवं व्यापारियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सराफा व्यवसाय संगठन द्वारा सराहनीय पहल की गई है। पुलिस एवं व्यापारियों के आपसी सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए संगठन ने कोठी बाजार स्थित सराफा बाजार में आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया। सराफा व्यवसाय संगठन के अध्यक्ष अरुण गोठी एवं संगठन के पदाधिकारियों ने थाना कोतवाली बैतूल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने वाली कंपनी के नाम 70,000 का चेक थाना प्रभारी को सौंपा। यह

राशि सराफा बाजार एवं आसपास के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए प्रदान की गई है। नए सीसीटीवी कैमरों से सराफा बाजार, कोठी बाजार एवं आसपास की गलियों में आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी। इससे चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ अपराधों के त्वरित अनावरण में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। इस अवसर अरुण गोठी, नवीन तातेड़, प्रशांत मरोठी, श्रीकांत अग्रवाल, दिनेश कांटा, प्रफुल्ल गोठी सहित संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

मां ताप्ती जन्मोत्सव पर निकाली भव्य जन-जागरण रैली

मुलताई। मां ताप्ती जन्मोत्सव पर नगरपालिका द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस शनिवार को नगर पालिका द्वारा जन-जागरण रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ गायत्री मंदिर परिसर से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह जन-जागरण रैली गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, नागपुर नाका एवं मेघनाथ मोहल्ला सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पीएम श्री कन्या विद्यालय पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। रैली का उद्देश्य मां ताप्ती जन्मोत्सव

के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था को सुदृढ़ करना तथा अधिक से अधिक लोगों को जन्मोत्सव के कार्यक्रमों से जोड़ना था। रैली में नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने मां ताप्ती के जयघोष, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता से संबंधित संदेशों के साथ नगरवासियों को जन्मोत्सव में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सभापति एवं पार्षद महेंद्र (पिल्लू) जैन, रितेश विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेन्द्र तिवारी तथा नपा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने रैली में सहभागिता कर मां ताप्ती जन्मोत्सव को सफल एवं गरिमामय बनाने का संदेश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार ने कहा कि मां ताप्ती जन्मोत्सव नगर की आस्था, संस्कृति और गौरव का प्रतीक है।

जांच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यूसीसी पर सरकार को घेरा

किसानों, युवाओं और महंगाई के मुद्दों पर भी उठाए सवाल

बैतूल। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शनिवार को बैतूल में आयोजित कांग्रेस के संगठन सृजन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यूसीसी की जरूरत क्यों पड़ी और इस विषय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जनता की क्या राय सामने आई है। उन्होंने मांग की कि सरकार जनता से मिले सुझावों को सार्वजनिक करे। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस इस विषय पर विधानसभा में सरकार का पक्ष सुनने और विस्तृत चर्चा के बाद अपना रुख तय करेगी। उनका आरोप था कि भाजपा समाज को बांटने की राजनीति कर रही है और

विभिन्न वर्गों के बीच मतभेद पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस के संगठन सृजन प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाने की पहल बताते हुए कहा कि उन्हें जमीनी मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और तथ्यों के आधार पर जवाब देने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भ्रामक प्रचार कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सोयाबीन, मूंग की खरीदी, धान, इथेनॉल और अन्य मामलों में किसानों से किए गए कई वादे पूरे नहीं हुए हैं। युवाओं के रोजगार, ओबीसी आरक्षण और पेपर लीक जैसे मामलों को लेकर भी उन्होंने सरकार पर सवाल उठाए। लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के मुद्दे पर सिंघार ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का प्रयास कर रही है। सिंघार ने प्रदेश पर बढ़ते कर्ज, महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों, बिजली बिल, भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और अवैध शराब कारोबार जैसे मुद्दों का भी उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में कम बारिश या सूखे जैसी स्थिति बनने की आशंका है तो सरकार को अभी से राहत और सहायता के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। कांग्रेस इन सभी मुद्दों पर आगे की रणनीति विधानसभा और विधायक दल की बैठकों में तय करेगी।

कन्या स्कूल में छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

आमला। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 के अंतर्गत आमला पुलिस ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्राओं, उनके परिजनों और आम नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाना था। थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज की प्रगति में भी बाधा बनता है।

स्कूल में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

बैतूल। मानसरोवर द स्कूल और एइस्कॉन टेंपल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन स्कूल परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों और प्रबंधन ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा और भगवान जगन्नाथ के जयघोष लगातार गूंजते रहे। रथ यात्रा का आयोजन इस्कॉन टेंपल से पधारे राहुल कुशवाह के मार्गदर्शन में किया गया। भगवान जगन्नाथ पुरी की विश्वविख्यात रथ यात्रा की परंपरा से प्रेरित होकर विद्यालय परिसर में विधि-विधान के साथ रथ यात्रा निकाली गई। विद्यालय के छात्र-

छात्राओं और मानसरोवर द स्कूल के प्रबंधन ने श्रद्धापूर्वक भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विनय सिंह चौहान, डॉ. पुष्पलता साबले, प्राचार्य एस. वी. चंद्रशेखर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर रथ यात्रा में भाग लिया तथा धार्मिक परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। चेयरमैन डॉ. विनय सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा ओडिशा के पुरी धाम में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के भव्य रथों के साथ निकाली जाती है। मान्यता है कि रथ यात्रा के दौरान भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं और उनके दर्शन करने तथा रथ खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।